



## एक नजर में

### 11 मंडल के समाजजन एवं स्वयंसेवकों को अक्षत कलश भेंट किए



**बिस्टान, निप्र।** नगर के आवली मार्ग पर शिशु शिक्षा मन्दिर भवन में संघ शताब्दी वर्ष पर खण्ड स्तरीय बैठक में अक्षत कलश पूजन कर नगर सहित धुलकोट भगवानपूरा सिरवेल पीपलझोपा कदवाली बहादरपूरा देवला दामखेड़ा मोहनपूरा मोगरगांव आदि 11 मंडल के समाजजन एवं स्वयंसेवको को अक्षत कलश भेंट किए । विभिन्न मंडल में 11 जनवरी से होने वाले हिन्दूसम्मेलन से पहले फलयो गाँवो के घर घर तक पीले चावल रख हिन्दू सम्मेलन में आमंत्रित किया जाएगा। संगठन पदाधिकारी ने बताया कि मातृ भूमि की उपासना मानव में देवत्त्व की दृष्टि ,समरसता और सँगठित हिन्दू समाज भारत माता को परम वैभव पर ले जाए भारत पुन: विश्वगुरु बने इसलिए खण्ड में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाने है । समाजजन अपने अपने मंडल में अक्षत कलश का पूजन करेंगे । सनातन धर्म को घर घर पहुचाने एवं राष्ट्र चेतना की प्रखरता के लिए हिन्दू भाईयों के घर घर पहुँच कर सम्मेलन में आने का आग्रह किया जाएगा । खण्ड संयोजक लोकेन्द्र राजपूत , सहसंयोजक रमेश मेहता , मातृशक्ति संयोजिका आशा अमोदे सह संयोजिका गांजा डावर आदि ने अक्षत कलश भेंट किए ।

### महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी मंडलेश्वर की शीतल डोंगरे




**मंडलेश्वर, निप्र।** अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के निर्वाचन में मंडलेश्वर का दबदबा कायम है।उज्जैन में सम्पन्न महासभा निर्वाचन में मंडलेश्वर की श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे ने जीत दर्ज कर मंडलेश्वर का नाम इतिहास में दर्ज किया है यह दूसरा अवसर है जब महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडलेश्वर से चुनी गई है इसके पूर्व नगर की कुसुम शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गई थी।इस चुनाव में पूरे भारत में फैले नार्मदीय ब्राह्मण समाज की 48 इकाइयों के प्रतिनिधियों ने मतदान किया।नार्मदीय ब्राह्मण समाज की मंडलेश्वर इकाई ने अब तक कुल 6 राष्ट्रीय अध्यक्ष दिए है जिनमें सर्वप्रथम नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद मंडलेश्वर के श्री बाबूराव पटवारी और दूसरी बार डॉ रमेश चंद डोंगरे चुने गए।नार्मदीय ब्राह्मण युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर भी नगर के डॉ आर सी उपाध्याय और विश्वदीप मोयदे पदासीन रह चुके है।वर्तमान में नगर की श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे ने चुनाव में जीत दर्ज कर इतिहास रचा है।नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के उज्जैन में सम्पन्न चुनाव में विजयश्री प्राप्त करने वाली श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे कसरावद इकाई से राष्ट्रीय महासभा के लिए चुने गए श्री राजेश बडोले एवं राष्ट्रीय युवा महासभा के लिए चयनित इंदौर इकाई के प्रबल भार्गव को नार्मदीय ब्राह्मण समाज युवा महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे मंडलेश्वर इकाई के अध्यक्ष नंदकिशोर डोंगरे ,महिला इकाई अध्यक्ष संध्या शर्मा युवा इकाई अध्यक्ष रीतेश शर्मा समाज के वरिष्ठजन सतीश चंद मोयदे बालकृष्ण डोंगरे संतोष मोयदे अनिल पटवारी हितेंद्र शर्मा सतीश चतुर्वेदी संतोष शर्मा भास्कर सोहनी शरद वैद्य श्रीमति प्रियंका शर्मा संतोषी शर्मा उषा डोगरे जागृति डोंगरे प्रीति डोंगरे संतोष उपाध्याय संध्या गीते सीमा जोशी सहित समाजजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### 300 दिवस की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का प्राथमिकता से कराएं निराकृत : कलेक्टर



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने ग्रेडिंग माह, 50 दिवस, 100 दिवस और 300 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता से 300 दिवस से अधिक की शिकायतें निराकृत की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 181 एप पर सीएम हेल्पलाइन शिकायत की अद्यतन स्थिति प्रतिदिन देखी जाए, जिससे शिकायतें नॉन .अटेंडेंट न हो। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद प्रत्येक विधानसभा में कितने मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की समीक्षा की। जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी विवाहित महिलाओं का पहले से ही ईकेवाएसी और डीबीटी करवा कर रखा जाए, जिससे गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का भुगतान लंबित नहीं रहे। उन्होंने उच्च न्यायालय में जवाब दावा के अभाव में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

### गणित केवल अंक नहीं, तार्किक और वैज्ञानिक सोच का आधार है : डॉ . बामनिया




**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय में एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ . डीएस बामनिया ने की। उन्होंने कहा कि गणित केवल अंक नहीं, तार्किक और वैज्ञानिक सोच का आधार है। इस अवसर पर सुश्री प्रणिता गुप्ता, डॉ . आरती सुगंधी, सभ्य प्रजापति, प्रेरणा बाथम, जगदीश पावरा, पुष्पेंद्र धाकड़, पूजा चौधरी एवं शैलेंद्र कुशराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन, संघर्ष एवं गणित के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान पर सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने गणित की उपयोगिता, भारतीय गणित परंपरा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे विषयों पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा, जिसमें सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# सिकल सेल उन्मूलन में योगदान दें : राज्यपाल

## राज्यपाल पटेल ने कसरावद के ग्राम पानवा में आयोजित सिकल सेल जाँच शिविर में हुए शामिल




**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभियान चलाया है कि वर्ष 2047 तक एक भी बच्चा आनुवांशिक सिकल सेल रोग के साथ पैदा न हो।

उन्होंने कहा कि इस रोग के विरुद्ध काम करना केवल सरकार का दायित्व नहीं है, इसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को भी किसी न किसी रूप में योगदान देना होगा। उन्होंने बताया कि सिकल सेल के रोगियों को ठंडे पानी से नहाने और तैलीय खाद्य पदार्थ से बचना चाहिए, नियमित दवाई के सेवन साथ व्यायाम करना और अधिक पीना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि जनप्रतिनिधि और नागरिक सिकल सेल रोगियों को यह सन्देश प्रसारित करें। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश की 89 पेसा समितियों के माध्यम से भी जनजागरूकता फैलाई जा रही है कि डिजिटल कार्ड का मिलान करने के बाद ही विवाह तय किए जाएं। उन्होंने कहा कि खरगोन जिले में 10 लाख व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई है, जो गर्व का विषय है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज का सेवाभाव देखकर आनंद होता है और टीबी के मरीजों के लिए निक्षय मित्र द्वारा दान किए आहार किट इन मरीजों की उत्तम सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसी संवेदना के साथ निर्धन और जनजातीय वर्ग के लिए पीएम आवास योजना, बिरसा मुंडा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना, पीएम जनमन योजना के माध्यम से योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और समाजजन ऐसा काम करें कि आसपास के मरीजों और गरीबों को शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने कसरावद के ग्राम पानवा में आयोजित सिकल सेल जाँच शिविर का अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किया। राज्यपाल पटेल ने भूमिका राणे और मनीष बडोले को सिकल सेल पेंशन प्रमाण पत्र, लोकेंद्र सिंह पटेल को आयुष्मान कार्ड, अनीता गोविंद और गुलाब सिंह सोलंकी को निक्षय मित्र आहार किट, सलोनी मुकेश को जाति प्रमाण पत्र, तिलोक राजाराम को नवनिर्मित पीएम आवास की चाबी तथा माहेश्वरी आर्य को लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रमाण पत्र प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीबी जांच, कुष्ठ जांच, बीपी, शुगर और हीमोग्लोबिन जांच और औषधि वितरण सहित आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा का अवलोकन किया और शिविर में किए गए पंजीयन और जांच की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा शिवलिंग, मैक्रम उत्पाद, महेश्वर हैंडलूम साड़ी, मिर्च मसाले, शहद, जैविक हल्दी और जैविक तुअर दाल, फूलबत्ती, चायपत्ती उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और समूह की दीदियों से उनके उत्पादों की विशिष्टता जानी।

राज्यपाल के स्वागत में जनजातीय कार्य विभाग की छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सांसद खरगोन गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि राज्यपाल पटेल प्रदेश में सिकल सेल रोग की समाप्ति के लिए अभियान के रूप में कार्य कर रहे हैं और इसी क्रम में आज पवित्र सात माता का स्थान चुना है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में इस गंभीर रोग के विरुद्ध जनजागरण छेड़ा हुआ है। डीएटीसीसी सदस्य श्रीमती नंदा ब्रह्मणे ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल ने जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में बहुतायत में पाए जाने वाली सिकल सेल बीमारी का अंत करने का बीड़ा उठाया है, जिसके लिए उन्होंने राज्यपाल को धन्यवाद दिया। अंत में सीईओ जिला पंचायत श्री आकाश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राज्यपाल पटेल ने ग्राम पंचायत खलबुजुर्ग के प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राही अन्नूबाई और अशोक मेवाड़े के नवनिर्मित आवास में पारंपरिक निमाड़ी भोजन ग्रहण किया।

राज्यपाल के आगमन पर मेवाड़े दंपत्ति ने पुष्पवर्षा और ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत किया और पारंपरिक धनुष-बाण भेंट किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, निमाड़ रेंज पुलिस उपमहानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा, पूर्व विधायक कसरावद आत्माराम पटेल, खलबुजुर्ग सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### धरती आबा अभियान के तहत ग्राम पानवा में राज्यपाल का दौरा



**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले के ग्राम पानवा में धरती आबा अभियान के तहत हर्ष का माहौल देखने को मिला। अभियान अंतर्गत ग्राम पानवा को चिह्नित किए जाने के बाद राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में सिकल सेल जांच शिविर एवं विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। मंगलवार को दोपहर 12 बजे 10 मिनट पर राज्यपाल महोदय हेलिकॉप्टर से बलखड़ पुनर्वास क्षेत्र में बने हेलिपैड पर उतरे। यहां कलेक्टर श्री भव्या मित्तल, सांसद गजेंद्र पटेल एवं पूर्व विधायक आत्माराम पटेल ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात वे काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। कार्यक्रम स्थल पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल एवं ग्राम सरपंच पन्नालाल मेवाड़े द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। सभा स्थल पर पहुंचकर राज्यपाल महोदय ने स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। मंच से करीब आधे घंटे के उद्बोधन में उन्होंने ग्राम को स्वच्छ, सुगम एवं विकसित बनाने के लिए शासन की सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही सांसद श्री गजेंद्र पटेल से ग्राम की समस्याओं के समाधान हेतु सांसद निधि से सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात राज्यपाल महोदय ग्राम के आदिवासी परिवार अशोक मेवाड़ के निवास पहुंचे, जहां पारंपरिक आदिवासी नृत्य से उनका स्वागत किया गया। ग्राम सरपंच पन्नालाल मेवाड़े द्वारा उन्हें आदिवासी प्रतीक चिन्ह तीर-कमान भेंट किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मकान का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने अमाड़ी की भाजी, ज्वार की रोटी, गाजर का हलवा एवं खीर सहित पारंपरिक आदिवासी भोजन ग्रहण किया।

**क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा गया आवेदन :-** इस दौरान ग्राम निमरानी के समाजसेवियों द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम आवेदन सौंपा गया। आवेदन में थाना स्थापना, फायर स्टेशन, एम्बुलेंस सेवा, ईएसआई/शासकीय अस्पताल, सड़क प्रकाश व्यवस्था, ग्राम निमरानी में कक्षा 11वीं-12वीं के शासकीय विद्यालय, सुव्यवस्थित अंतिम संस्कार घाट, तथा प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।

## राज्यपाल ने महेश्वर के अहिल्या घाट पर की मां नर्मदा की आरती

**महेश्वर, निप्र।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने खरगोन प्रवास के दौरान महेश्वर के ऐतिहासिक अहिल्या घाट पर विधि विधान से मां भगवती नर्मदाष्टक आरती की और मां नर्मदा को पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने मां नर्मदा से प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अलका गजराज, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह सहित उपस्थित अधिकारियों और श्रद्धालुओं ने राज्यपाल के साथ मिलकर मां नर्मदा की आरती की, जिससे अहिल्या घाट 'नमामि देवी नर्मदे' और अन्य पवित्र भजनों के स्वर से गूंज उठा। राज्यपाल पटेल ने अहिल्याघाट पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी अवलोकन किया, जिसका लोकार्पण गत माह निमाड़ उत्सव के दौरान किया गया है। अत्याधुनिक 3ष्ठ प्रोजेक्शन मैपिंग, मूविंग हेड और लेजर लाइट तथा आधुनिक साउण्ड सिस्टम के उपयोग करते हुए लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से महेश्वर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वैभव, मां नर्मदा के उद्गम की कहानी और लोकमाता देवी अहिल्या के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया जाता है। शो के दौरान विधायक राजकुमार मेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन





**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोरावां में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा इंदौर नोडल अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स मीट - 2025 (शैक्षणिक सत्र 2025-26) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 दिसंबर 2025 को उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किशोर सोनवाने, उप प्रबंधक, जल संसाधन विभाग, खरगोन एवं राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व एवं टीम भावना भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में योगेश वाघ (कोच, जनजातीय कल्याण), इकबाल खान (सेवानिवृत्त पीटीआई), जितेंद्र भावसार, विजय पाटिल, मो. साबिर शेख (सेवानिवृत्त पीटीआई) एवं मुश्ताक पठान (पीटीआई) की विशेष उपस्थिति रही। विभिन्न महाविद्यालयों से आए खेल अधिकारियों में विक्रम हंसारी (प्रेस्टीज), धीरज वर्मा (AITR), डॉ. सुखदेव भांबोरिया (IIST), अनिल पवार (SKITM), कुणाल (SVCE) एवं महेंद्र शामिल रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मुख्य मैनेजर एवं संस्थान प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय एवं डॉ. सुनील सुगंधी डीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता का सफल संचालन ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री प्रो. इंजी. कपिल शाह के मार्गदर्शन एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर स्वप्निल वराडे के समन्वय से किया जा रहा है।

**प्रतियोगिता कार्यक्रम:-** 23 दिसंबर 2025 को उद्घाटन समारोह प्रातः 10:00 बजे सम्पन्न हुआ, जिसके पश्चात 100 मीटर हीट्स, 800 मीटर दौड़, शॉटपुट, लॉन्ग जंप, 200 मीटर एवं 400 मीटर हीट्स, डिस्कस थ्रो तथा 5000 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। 24 दिसंबर 2025 को प्रातः 6:30 बजे से 10000 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 200 मीटर, जैवलिन थ्रो, ट्रिपल जंप, हाई जंप, 400 मीटर एवं 100 मीटर फाइनल स्पर्धाएँ आयोजित की जाएंगी। इस नोडल स्तर की 2 दिवसीय प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता की सफलता हेतु सभी अतिथियों, अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर में | भूख हड़ताल की चेतावनी

## राजपूत समाज की महिलाओं ने कलेक्टर से की शिकायत ,धर्मशाला समाज को सौंपी जाए



**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर,निप्र।** राजपूत समाज धर्मशाला के लिए ग्राम बरलाय में एक ही समुदाय के दो पक्षों द्वारा हुए विवाद के बाद मामला कलेक्टर के सामने पहुंचा है।समाज के महिला पुरुषों द्वारा सोमवार को कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल से भेंट कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने दो दिन के अन्दर धर्मशाला का ताला खुलवाने का आश्वासन दिया है।

**धर्मशाला पर पंचायत का अधिकार होने से उपजा विवाद:-** 2009 में समाज के सहयोग और विधायक निधि से बनी धर्मशाला के निर्माण में राजपूत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्थानीय राम मंदिर समिति के द्वारा इस धर्मशाला का निर्माण और संचालन किया जा रहा था। राम मंदिर निर्माण में गांव के लगभग 70 परिवारों के द्वारा राशि एकत्रित की गई थी जिनमें कुछ परिवार ब्राह्मण कर्मा साहू समाज के भी शामिल है लेकिन अधिकतर सदस्य्य राजपूत समाज के है इन परिवारों द्वारा 2009 से पहले ही धर्मशाला निर्माण के लिए धन राशि एकत्रित करना शुरू कर दिया था। ग्रामीण राधेश्याम सोलंकी मुकुंद सिंह गौड़ करणसिंह गौड़ पवन साहू महेश कर्मा ने खरगोन कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद बताया कि सबसे पहले एकत्रित धन राशि से हमने रामसिंह पिता सीताराम राजपूत से जमीन खरीदी उसके बाद सभी ने लगभग 80 से 90 हजार प्रति परिवार कुल 70 परिवारों ने दान राशि देकर धर्मशाला का निर्माण करवाया। इस एकत्रित राशि में गांव के 10 परिवारों ने सहयोग नहीं दिया। धर्मशाला निर्माण में विधायक निधि से सहयोग लेने के लिए सरपंच द्वारा कहा गया कि जब तक भूमि पंचायत के नाम नहीं होगी विधायक निधि नहीं मिल सकेगी तब गांव वालों से सरपंच प्रतिनिधि कमलेश तंवर ने धर्मशाला की भूमि पंचायत के नाम दान में लिखवा ली थी। विवाद तब उठा जब धर्मशाला का संचालन कर रही समिति ने धर्मशाला के उपयोग के लिए निश्चित धन राशि लेने का निर्णय लिया इस निर्णय में वे लोग जिन्होंने चंदा दिया है उनके लिए किसी आयोजन में धर्मशाला का उपयोग करने पर शुल्क 2100 रुपए रखा गया और जिन लोगों ने चंदा नहीं दिया उनके लिए यह राशि 5100 रूपये रखी गई।

### भूख हड़ताल पर बैठ सकते है ग्रामीण

कलेक्टर के आश्वासन के बाद ग्रामीणों को आशा है कि विवाद सुलझ जाएगा। ग्रामीण चाहते है कि 25 दिसंबर से पहले ताला खोल दिया जाए क्योंकि गांव में एक गमी हुई है जिसका कार्यक्रम 25 और 26 दिसंबर को होना है। ग्रामीण महिलाओं ने भी इस हेतु मैदान में उतर चुकी है श्रीमति माया तवर अनिता साहू लक्ष्मी सावनेर और गायत्री तवर ने कहा कि यदि दो दिन में धर्मशाला नहीं खुली तो हम भूख हड़ताल पर बैठेंगे।